दिनांक–18.07.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- आज से प्रदेष में राजस्व महाअभियान 2.0 की होगी षुरूआत। 31 अगस्त तक चलेगा अभियान।
- संपूर्णता अभियान के तहत प्रदेष में मंडला और खंडवा जिले में कार्यक्रमों का आयोजन।
- पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना के तहत ऋण देने में प्रदेष देष में पहले स्थान पर।
- गुरू पूर्णिमा पर प्रदेष के स्कूलों में होंगे दो दिवसीय आयोजन।

मंडला–संपूर्णता अभियान

नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के तहत प्रदेष के आकांक्षी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसके तहत मंडला जिले के मवई विकासखंड में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। पेष है एक रिपोर्ट –

केंद्र सरकार द्वारा देश के सभी आकांक्षी जिले व ब्लाक में संपूर्णता अभियान प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में मंडला जिले के मवई विकाशखंड में शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी कपिल तिवारी,जनपद अध्यक्ष मवई ने मनीषा मरकाम सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी व संपूर्णता कार्यक्रम में सम्मिलित संकेतकों की संतृप्ति हेतु कार्य करने के लिए स्थानीय कर्मचारियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मवई मनीषा मरकाम ने कहा कि,...

जनपद पंचायत सीईओ कपिल तिवारी ने बताया कि ...

मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के हितग्राही पवन कुमार धुर्वे ने बताया कि ...

जिले के आकांक्षी ब्लाक मवई में जिन 6 संकेतकों को संतृप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। उनमें 630गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण,पूरक पोषण आहार लेने वाली महिलाओं का लक्ष्य 716,लक्षित जनसंख्या के मुकाबले मधुमेह जांच 2209,बीपी जांच का 11441,रिवाल्विंग फण्ड प्राप्त करने 965 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मंडला से आकाशवाणी के लिए मैं शशांक चौबे

प्रदेश–राजस्व महाअभियान

प्रदेश में आज से राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व महाअभियान 2.0 की शुरुआत हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिये 18 जुलाई से 31 अगस्त तक यह अभियान संचालित किया जा रहा है। किसानों और आमजन की सुविधा के लिये पटवारी और मैदानी अमला मुख्यालय पर रहेंगे। राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने बताया कि अभियान में अविवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 30 दिन में, विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 150 दिन में किया जायेगा। बंटवारा प्रकरणों के निराकरण की समय–सीमा 90 दिन है और सीमांकन प्रकरणों को 45 दिन सुलझाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही नक्शे में तरमीम का कार्य सतत् जारी रहेगा। अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

अभियान में एक अगस्त से 15 सितंबर तक फसलों का डिजिटल (क्रॉप) सर्वेक्षण किया जायेगा। किसानों के खेत पर जाकर फसल का फोटो खीचकर जानकारी अद्यतन करने के लिये युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को 25 जुलाई तक प्रशिक्षित किया जायेगा। राजस्व महा अभियान में निःशुल्क समग्र ई–केवायसी और समग्र से खसरे की लिंकेज की सुविधा दी जा रही है।

राजस्व महाअभियान

राजस्व महाअभियान को लेकर जिलों में तैयारियां की गई है। खंडवा जिले ने राजस्व महाअभियान–एक में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रथम चरण की सफलता को देखते हुए राजस्व महा अभियान–02 में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण हो इसके लिए कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने नायब तहसीलदार पिपलौद, छैगांव माखन एवं जावर न्यायालय का निरीक्षण किया। डिंडौरी में कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में राजस्व महाभियान के लिए प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इसमें राजस्व महा अभियान प्रथम चरण की सफलता को देखते हुए इस दूसरे चरण में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में समय सीमा पार लम्बित प्रकरणों का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना आदि शामिल हैं।

प्रदेश–पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना

मध्यप्रदेश ने पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना में देशभर में 11 लाख 95 हजार से अधिक ऋण वितरित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इनमें से 8 लाख 38 हजार स्ट्रीट वेंडर डिजिटली लेन–देन कर रहे है। इन स्ट्रीट वेंडरों को करीब 21 करोड़ रूपये की केश राशि बैंक से प्राप्त हुई है। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू आज नई दिल्ली में प्रमुख सचिव नीरज मण्डलोई को सिस्टमेटिक प्रोग्रेसिव एनेलेटिकल रियलटाईम रैंकिंग अवार्ड (स्पार्क) प्रदान करेंगे। प्रदेश में स्व–रोजगार की महत्वाकांक्षी योजना वर्ष 2020 जुलाई से पथकर विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये संचालित की जा रही है। पीएम स्व निधि योजना के तहत 10, 20 एवं 50 हजार रूपये के ऋण चरण वार पथ विक्रेताओं को स्वीकृत किये गये है। अवार्ड सेरेमनी में नगरीय निकाय उज्जैन, खरगौन एवं सारणी को पीएम स्व–निधि में और नगरीय निकाय जबलपुर, सीधी, मंदसौर एवं इटारसी को डे–एनयूएलएम योजनान्तर्गत पुरस्कृत किया जायेगा। कार्यक्रम में पीएम स्व–निधि योजना से लाभान्वित 2 शहरी पथ विक्रेताओं और 2 सहायता समूहों को भी सम्मानित किया जायेगा।

खंडवा–संपूर्णता अभियान बैठक

खण्डवा में आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक योजना के तहत जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक छैगांवमाखन में कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने ली। इस दौरान संपूर्णता अभियान की तैयारी को लेकर 6 सूचकांक को तीन महीने के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में दर्ज गर्भवती महिलाओं की शत प्रतिशत पूरण पोषण आहार वितरण करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि पात्र किसानों के स्वास्थ्य मृदा कार्ड बनवाएं जाए एवं उनको योजनाओं का लाभ दिलवाया जाना सुनिश्चित करें।

गुजरात मंत्री–दौरा

कौशल विकास और रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल के साथ गुजरात सरकार के जल संसाधन मंत्री कुंवर जी भाई मोहन भाई बावलिया ने कल राजगढ़ जिले के मोहनपुरा–कुंडालिया सिंचाई परियोजना का अवलोकन किया। मंत्री श्री बावलिया ने कहा कि गुजरात के कच्छ में नर्मदा नदी का पानी पहुँचाने के लिए ऐसी ही परियोजना तैयार की जा रही है। कुंडालिया परियोजना के अवलोकन से कच्छ परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करने में आवश्यक मदद मिलेगी। मोहनपुरा–कुंडालिया परियोजनाओं से लगभग 3 लाख हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी। दोनों प्रदेश के मंत्रियों ने मोहनपुरा डैम के समीप कृषिधाम का भी अवलोकन किया।

प्रदेष–गुरु पूर्णिमा पर्व

प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर 20 एवं 21 जुलाई को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। 20 जुलाई को प्रार्थना सभा के बाद प्रार्थना स्थल में शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व एवं पारंपरिक गुरू–शिष्य संस्कृति के विषय में बताया जायेगा। प्राचीनकाल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति पर प्रभाव विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता भी विद्यालयों में आयोजित की जायेगी। इसी प्रकार 21 जुलाई को विद्यालयों में माँ सरस्वती वंदना, गुरूजनों एवं शिक्षकों का सम्मान तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू संस्मरण पर संभाषण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 21 जुलाई को यथासंभव साधु संतो, गुरूजनों, शिक्षकों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, पूर्व छात्रों एवं आमजनों को भी आमंत्रित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगरौली जिले के ग्राम तेंदुहा पोड़ी में घटी घटना में युवक के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतक के परिजन को शासन की ओर से 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।
- गुरुपूर्णिमा पर्व के अवसर पर दिनांक 19–20–21 जुलाई को खंडवा के श्री दादाजी धाम मे आने वाले श्रद्धालुओ के लिए शहर मे मुख्य रास्तों पर पार्किंग, डायवर्सन एवं अस्थाई बसस्टैन्ड की व्यवस्था की गई है।
- इंदौर जिले में छात्रावास के संचालन में गम्भीर अनियमितता एवं अन्य आरोपों पर कलेक्टर आशीष सिंह ने आदिवासी कन्या छात्रावास चोरल की अधीक्षिका को निलंबित कर दिया है। अनियमितता की जाँच दल बनाकर की जा रही है।
- मैहर जिले में राजस्व एवं अन्य समस्त विभागों से संबंधित मैदानी स्तर पर लंबित कार्यों, शिकायतों एवं प्रकरणों के निराकरण के लिए तीनों विकासखण्ड की क्लस्टर ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये जायेंगे।
- खण्डवा में 3 से 5 अगस्त तक गौरव दिवस मनाया जायेगा। इस उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस संबंध में कल कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।
- आगरमालवा जिले में कक्षा छटी से बारहवीं तक के संचालित स्कूलों के बच्चों में नशे की दुष्प्रवृत्ति की रोकथाम और नियंत्रण के लिये नलखेड़ा विकासखंड के 145 स्कूलों में प्रहरी क्लब का गठन किया गया है।
- डिंडौरी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति के तहत संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की शुरुआत की गई, जिसमें 100 दिवसीय जागरूकता अभियान चल रहे है।

- मुरैना जिले के बलालपुर गांव में तालाब में नहाने गए तीन नाबालिग बालकों की मृत्यु हो गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
- शिवपुरी में मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु कल जनपद पंचायत शिवपुरी में सुरक्षा जवान भर्ती कैंप आयोजित किया गया। इस शिविर में 158 उम्मीदवारों ने पंजीयन कराया।

....................................